NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-38, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 13 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# दर्दनाक हादसा

## दौसा में खाटू श्याम मंदिर से लौट रहे यूपी के 11 यात्रियों की दर्दनाक मौत



दौसा। राजस्थान में बुधवार तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ। सालासर बालाजी मंदिर से लौटते समय हुई इस दुर्घटना में बच्चों समेत 11 लोगों की मौत होने की खबर है। हादसे में 20 लोग घायल भी हुए हैं। मृतकों में 7 बच्चे भी शामिल हैं। शुरूआती रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा खाटू श्याम मंदिर से लौटते समय रात लगभग 3:30 बजे हुआ। पिकअप वाहन और ट्रेलर की भिड़ंत के कारण हुई इस दुर्घटना में कई घायल लोगों की हालत गंभीर है, जिसके चलते मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय पुलिस और दौसा प्रशासन ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में भर्ती कराया है।

**हादसों में 11 की मौत, 4 की शिनाख्त नहीं**

हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 7 बच्चे और 4 महिलाएं हैं। इनमें पूर्वी (3) पुत्री संजीव, जाति राजपूत- एटा, प्रियंका (25) पत्नी संजीव, जाति राजपूत- एटा, दक्ष (5) पुत्र जयप्रकाश, जाति राजपूत- एटा, शीला पत्नी जयप्रकाश- अंशु (26) पुत्र संतोष और सीमा (23) पत्नी मनोज-अमरोजी, ऐटा शामिल हैं। इनके अलावा 9 लोगों का जयपुर के ट्रॉमा सेंटर में अभी इलाज चल रह है। इनमें मनोज (25) पुत्र लाखन, नैतिक (8) पुत्र सौरभ, प्रियंका पत्नी लाखन, रीता (26) पत्नी सौरभ, लक्ष्य (7) पुत्र सौरभ, नीरज (20) पत्नी जशवंत, सौरभ (26) पुत्र खूबकरण तथा सौरभ पुत्र ज्ञान सिंह गंभीर घायल हैं, जिनका इलाज जयपुर के एसएमएस में चल रहा है। इनके अलावा ममता (40) पत्नी धानसिंह, भावना (45) पत्नी दिनेश राजपूत, रवि (23) पुत्र धर्मवीर राजपूत तथा कल्पना पत्नी सोरव राजपूत का दौसा में इलाज चल रहा है।

**मौके पर पहुंचा प्रशासन**

दौसा एसपी ने बताया कि यह हादसा रात 3:30 से 4 बजे के बीच हुआ। मृतक सभी उत्तरप्रदेश के एटा जिले के निवासी थे। कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि ये यात्री खाटू श्यामजी के दर्शन करके उत्तरप्रदेश की तरफ जा रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 8 लोगों को जयपुर रैफर किया गया है। इसके अलावा 4 मरीज जिला अस्पताल में इलाजरत हैं। गौरतलब है कि सवारियों से भरे पिकअप वाहन और ट्रेलर के बीच हुई टक्कर के कारण ये भीषण हादसा हुआ।

### जौनपुर में भी हादसा...पांच की मौत, 17 यात्री घायल

बनारस से शाहगंज जा रही एक यात्री बस और जौनपुर की ओर आ रहे एक ट्रक के बीच मंगलवार की रात्रि भीषण टक्कर हो गई। हादसे में अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें एक दो वर्षीय बच्चा, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। हादसा शाहगंज मार्ग पर हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में लगभग 25 से 30 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि बस चालक की लापरवाही के चलते बस दाहिनी ओर चली गई और सामने से आ रहे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों का बायां हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## सेना ने की उरी में आतंकी घुसपैठ की कोशिश नाकाम

### एक जवान शहीद, सर्च आपरेशन जारी



श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में छब्रुड़ के पास बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम कर दिया। ऑपरेशन के दौरान एक जवान शहीद हुआ है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया है। पिछले 13 दिनों में आतंकियों से सेना की यह तीसरी मुठभेड़ है।

इससे पहले 10 अगस्त को किश्तवाड़ के दुल इलाके में सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की थी। यहां भी सर्चिंग जारी है। 1 अगस्त से कुलगाम के अखल जंगलों में आतंकियों की तलाश में सर्चिंग चल रही है। यहां 2 जवान शहीद हुए हैं, 9 जवान घायल हैं। दो आतंकी भी मारे जा चुके हैं। सुरक्षाबलों ने 2 अगस्त की सुबह पुलवामा के आतंकी हारिस नजीर डार को मार गिराया था। वो उ-कैटेगरी का आतंकी था। हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे।

## पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द, एक हफ्ते में करना होगा आत्मसमर्पण



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनकड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी थी। सुशील कुमार पर संपत्ति विवाद में 4 मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में जूनियर पहलवान सागर धनखड़ और उनके दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। हमले में घायल सागर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। पुलिस ने इस मामले में सुशील कुमार को गिरफ्तार किया था।

## दिल्ली और यूपी के 8 जगहों पर ईडी की छापेमारी




नई दिल्ली। रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की टीम बुधवार को दो राज्यों के आठ जगहों पर छापेमारी की। ईडी की टीम रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लखनऊ में छह और दिल्ली में दो परिसरों पर तलाशी ले रही है। जानकारी के मुताबिक, रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ घर/व्यावसायिक स्थान खरीदारों द्वारा 2021 में दर्ज 48 प्राथमिकी के आधार पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। कंपनी के सभी प्रमोटर पीयूष रस्तोगी, परेश रस्तोगी और दीपक रस्तोगी, पिछले चार वर्षों से फरार हैं। साक्ष्य के अभाव और उनके द्वारा नियमों का पालन न करने के कारण कोई कुर्की नहीं की जा सकी है। साक्ष्य एकत्र करने और कुर्की के लिए सबूत जुटाने के लिए ये छापेमारी चल रही है।



# अहम दौरा: अगले महीने अमेरिका जा सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने यानी सितंबर में अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। वे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक उच्च-स्तरीय सत्र को संबोधित कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी वक्ताओं की मसौदा सूची के हवाले से यह खबर आ रही है। यूएनजीए का 80वां सत्र 9 सितंबर को शुरू होगा। उच्च-स्तरीय आम बहस 23 से 29 सितंबर तक चलेगी। इसमें ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा, उसके बाद अमेरिका का नंबर आएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को यूएनजीए मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे। यह व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र सत्र को उनका पहला संबोधन होगा। महासभा के 80वें सत्र की उच्च-स्तरीय बहस के लिए वक्ताओं की प्रारंभिक सूची के हिसाब से भारत के शासनाध्यक्ष 26 सितंबर



की सुबह सत्र को संबोधित करेंगे। इस्राइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के शासनाध्यक्ष भी उसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस को संबोधित करेंगे।

### ट्रंप के टैरिफ ने बिगाड़े हालात

भारत और अमेरिका में व्यापार वार्ता चल ही रही थी कि ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। इससमें नई दिल्ली की ओर से रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी शामिल है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। टैरिफ को भारत के विदेश मंत्रालय ने अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया था। भारत ने कहा, 'किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा।'

### वक्ताओं की सूची अभी प्रारंभिक

हालांकि, संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस के लिए वक्ताओं की सूची अभी प्रारंभिक है। अगले कुछ हफ्तों में कार्यक्रमों और वक्ताओं में बदलाव की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में वर्ष का सबसे व्यस्त राजनयिक सत्र माना जाने वाला यह सम्मेलन हर साल सितंबर में शुरू होता है। इस साल यह सत्र इस्राइल-हमास युद्ध और यूक्रेन संघर्ष के बीच आयोजित हो रहा है।

### अमेरिका ने भी माना- भारत झुकने वाला नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, भारत पर भारी-भरकम टैरिफ लगा चुके हैं। हालांकि अभी भी अमेरिका को उम्मीद है कि वे भारत के साथ व्यापार समझौता कर सकते हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने अपने एक बयान में ऐसे संकेत दिए। साथ ही उन्होंने ये भी माना कि व्यापार वार्ता के लिए भारत का रवैया थोड़ा अड़ियल है। स्कॉट बेसेंट ने मंगलवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में अड़ियल रुख अपनाए हुए है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीद का हवाला देते हुए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।



# देश में 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते

## 70% को सालभर में टीके लगेंगे, तीन मंत्रालयों ने राज्यों को जारी की एडवायजरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को दिल्ली-ठउफ के सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्ते के भीतर सड़क से हटाने और उन्हें विशेष शेल्टर होम में भेजने के निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आठ दिन में दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाकर शेल्टर होम ले जाने के आदेश के बाद छिड़ी बहस के बीच नई जानकारी समाने आई है।

केंद्र सरकार ने आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ने और लावारिस पशुओं द्वारा आमजन को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं पर चिंता जताई है। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने ऐसे पशुओं पर नियंत्रण के लिए मास्टर एक्शन प्लान बनाया है।

तीनों मंत्रालयों ने सभी राज्यों को एक एडवाइजरी भेजी है। इसमें कहा गया है कि देश में 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं। इनमें 70% का वैक्सीनेशन व नसबंदी एक साल में करने का टारगेट रखा गया है।

इसके अलावा 2019 की पशु गणना के अनुसार देश में 50 लाख बेसहारा पशु हैं। इस अभियान में पहली बार ग्राम पंचायतें भी जुड़ेंगी। अभियान के लिए राज्यों को एनिमल वेलफेयर बोर्ड की मदद लेने को कहा गया है। बता दें कि तीनों मंत्रालयों ने यह कदम केंद्र को आवारा कुत्तों के काटने और बेसहारा पशुओं के कारण हो रहे हादसों की हजारों शिकायतें मिलने के बाद उठाया है।

### आवारा कुत्तों को लगेगा ग्रीन टैग कॉलर

आवारा कुत्तों को ग्रीन कॉलर टैग पहनाया जाएगा। इस पर उसके वैक्सीनेशन और स्टरलाइजेशन की जानकारी होगी। इसकी सूचना पशुधन पोर्टल पर भी दर्ज करनी होगी। बेसहारा पशुओं के स्टरलाइजेशन के बाद उनके कान में हरे रंग का टैग लगाया जाए। इससे नगर निकाय के कर्मचारियों को पता चलेगा कि किस पशु को पकड़ना है और किसे नहीं?

# केजरीवाल-सिसोदिया की ईडी का केस रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया से जुड़ी शराब घोटाले की एक याचिका पर मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों नेताओं ने हाईकोर्ट में इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की। हाईकोर्ट ने कुछ दलीलें सुनने के बाद सुनवाई 12 नवंबर तक टाल दी।



हाईकोर्ट में केजरीवाल और सिसोदिया ने इस दलील के साथ ईडी केस को रद्द करने की मांग की थी कि इस मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं ली गई थी। ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा, मंजूरी ली गई थी और इसे ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया था। आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने एसवी राजू की दलील का खंडन करते हुए कहा, यह इस अदालत के समक्ष नहीं है। ईडी ने मंजूरी लिए बिना डिटेल जवाब दाखिल किया।

# पाकिस्तानी पीएम बोले- दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। मंगलवार को राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।

शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रोकने की कोशिश करता है तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा।



उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शहबाज शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं।

# देशभर में नदियां उफान पर, बिहार में बाढ़ से 17 लाख लोग प्रभावित; हिमाचल में 330 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे मैदानी प्रदेशों में बारिश का कहर जारी है। उत्तराखंड के धराली में तबाही के बाद अब भी मलबे में जिंदगी की तलाश चल रही है। बिहार में सैलाब ने 10 जिलों को घेर लिया है और 17 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। कई लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। उत्तर प्रदेश में भी प्रयागराज, वाराणसी और बलिया समेत कई जिलों में बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। 44 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट भी जारी है।

बिहार में चल रही भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और घाघरा समेत सभी छोटी-बड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इनमें से ज्यादातर नदियां भोजपुर, पटना, भागलपुर, वैशाली, लखीसराय, सारण, मुंगेर, खगड़िया और बेगूसराय और सुपौल में कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पटना, लखीसराय, भागलपुर और खगड़िया समेत 10 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और यहां 17 लाख से अधिक लोग इससे



प्रभावित हुए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कुल 32 टीमें लगाई गई हैं। राहत शिविरों में बड़ी संख्या में लोग शरण लिए हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा और प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी उफान पर है। दोनों शहरों में सभी प्रमुख घाट डूब गए हैं। नदी किनारे के निचले रिहायशी इलाकों में भी पानी भर गया है। इसके अलावा, देवरिया, गोरखपुर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बरेली और बलिया जिले में भी बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। इस बीच, मौसम विभाग ने 15 जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और 29 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। 57 जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई है।

उत्तरकाशी के धराली में आई आपदा के पीड़ितों की मदद के लिए हजारों हाथ उठ रहे हैं। खराब रास्ते और दुश्वारियों पर मदद का जज्बा भारी पड़ रहा है। खालसा एड इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य भी बारिश, झंझावात और दरकते पहाड़ों को पार करते हुए पटियाला से उत्तरकाशी पहुंच गए। संस्था के अंतरिम वरिष्ठ प्रशासक गुरमीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने लोगों को हाइजीन रखने के लिए प्रशासन को 200 किट सौंपी। इनमें सैनेटरी पैड, डाइपर, तौलिये, साबुन, टूथपेस्ट जैसी जरूरी चीजें हैं। सिंह ने बताया कि उनकी टीम धराली पहुंचकर लंगर लगाना चाहती थी, मगर भूस्खलन व खराब रास्ते जैसे खतरों को देखते हुए प्रशासन ने आगे नहीं जाने दिया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

अपना ब्रज

www.nnindianews.com

बुधवार, 13 अगस्त, 2025





## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस दुर्घटनाग्रस्त

**आगरा** एनएनआई। आगरा में थाना डौकी क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बस में करीब 50 सवारियां सवार थीं। हादसे के बाद चीखपुकार मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। हादसे में कई यात्री घायल बताए जा रहे हैं। स्लीपर बस लखनऊ से आगरा की ओर जा रही थी। आगरा के फतेहाबाद में थाना डौकी क्षेत्र में चालक को नींद की झपकी लग गई। इससे बस अनियंत्रित हो गई। डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी साइड जाकर पलट गई।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुरक्षा संभालेंगे 3000 पुलिसकर्मी

एनएनआई

**मथुरा।** 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर तीन हजार पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। 15 वॉच टॉवर बनेंगे तो पूरे क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 39 स्थानों पर बैरियर लगेंगे और 18 पार्किंग बनेंगी। आगरा रेंज से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया है। सादा वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। एडीजी व डीआईजी ने मंगलवार को निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

कान्हा की नगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जन्मस्थान गेट के अंदर रेड, गेट के बाहर यलो और सड़क पर ग्रीन जोन की सुरक्षा रहती है। जन्माष्टमी को लेकर एसएसपी श्लोक कुमार ने जन्मभूमि के पूरे क्षेत्र को 17 सेक्टर में बांटा है। मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, हाथरस व पीएसी की नौ कंपनी के साथ तीन हजार पुलिस कर्मी व्यवस्था को संभालेंगे। 15 वाच टावर से निगरानी की जाएगी। साथ ही ड्रोन से हर गतिविधि पर पुलिसकर्मी नजर रखेंगे। मंगलवार को एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसपी



सुरक्षा राजकुमार अग्रवाल समेत अन्य अधिकारियों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

**लाखों श्रद्धालुओं के लिए बनाया गया रूट प्लान**

सीओ ट्रैफिक प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि जन्माष्टमी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। इसको देखते हुए रूट प्लान बनाया गया है। इसके तहत 94 बैरियर बनाए गए हैं। 18 पार्किंग स्थल रहेंगे। जन्माष्टमी के दिन वाहनों के प्रवेश पर रोक लगेगी। इनको पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा, ताकि जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। वहीं प्रमुख स्थानों पर छह क्रेन को खड़ा किया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के अंदर के क्षेत्र रेड जोन में अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा। जन्मस्थान के बाहर यलो और ग्रीन जोन पर सादा वर्दी में पुरुष के साथ महिला पुलिस बल की तैनाती रहेगी। पुलिस कर्मी हर गतिविधि को कंट्रोल रूम तक पहुंचाएंगे।

## मंदिर में चोरी करने वालों के साथ पुलिस मुठभेड़

### एक चोर को लगी गोली, चार आरोपी गिरफ्तार; 14 घंटे और असलहा बरामद

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पुलिस ने मंदिरों से घंटे चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। 14 जुलाई को पतारा चौराहे के पास स्थित दो मंदिरों से घंटे चोरी हुए थे। इस मामले में थाना एका में मुकदमा दर्ज किया गया था।

एसपी ग्रामीण त्रिगुण विशेन ने बताया कि 12 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश गोपालपुर के पास बंद भट्टे की झाड़ियों के निकट एक ईको गाड़ी में चोरी का माल और अवैध हथियार



लेकर आ रहे हैं। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक एका और उनकी टीम ने गोपालपुर के पास चेकिंग शुरू की।

जब पुलिस ने ईको गाड़ी को रोकने का इशारा किया, तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश अर्जुन के पैर में गोली लग गई।

पुलिस ने घायल अर्जुन समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। अन्य आरोपियों में मदन मोहन कठेरिया, अमन मिश्रा और विकास मिश्रा शामिल हैं। सभी आरोपी मैनपुरी जिले के अकबरपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। बदमाशों से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, चोरी किए 14 घंटे, एक कटर, 2,310 रुपये और ईको गाड़ी बरामद हुई है। घायल आरोपी को पुलिस सुरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, इन बदमाशों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

## रेलवे ट्रैक पर मिली नाबालिग बहनों की लाश: बड़ी इंटर तो छोटी 11वीं की छात्रा

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में किसी बात से नाराज होकर दो चचेरी बहनों ने एक-दूसरे का हाथ थामे ट्रेन के आगे आकर जान दे दी। लोको पायलट हॉर्न बजाता रहा, लेकिन बहनों ने एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। ट्रेन से टकराते ही दोनों बहनों की जान चली गई। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है।

थाना मक्खनपुर क्षेत्र के गांव जेवड़ा में रहने वालीं दो चचेरी बहनें रश्मि यादव (18) कक्षा 12 वीं की छात्रा थी। मुस्कान (17) गांव के ही एक स्कूल में कक्षा 11 वीं की छात्रा थी। दोनों बहनें मंगलवार सुबह



10:30 बजे घर से किसी बात से नाराज होकर निकल गईं। दोनों के बीच कुछ इस तरह का गहरा नाता था कि वे एक-दूसरे का हाथ थामे रेलवे ट्रैक पर चलती चली जा रही थीं। उस दौरान कालका से हावड़ा जा रही 12312 नेताजी एक्सप्रेस ट्रैक पर आ रही थी।

ट्रेन के लोको पायलट को रेलवे ट्रैक के बीचोंबीच दो लड़कियां एक-दूसरे का हाथ थामे हुए दिखाई दीं। यह देखकर लोको पायलट के भी होश उड़ गए। उसने काफी दूर से ट्रेन का हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। कई बार हॉर्न बजाने के बाद भी दोनों बहनें ट्रैक से नहीं हटीं। ट्रेन जैसे ही डाउन ट्रैक पर किमी संख्या 1222/12-10 के समीप पहुंची। तभी दोनों बहनें एक-दूसरे का हाथ थामे हुए ट्रेन से टकरा गईं। ट्रेन से टकराते ही दोनों की मौत हो गई।

लोको पायलट ने घटना की सूचना तत्काल ही मुख्य नियंत्रण कक्ष टूंडला को दी। सूचना मिलने पर आरपीएफ-जीआरपी की टीम मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गई। जीआरपी ने मृतका रश्मि यादव के भाई मोहित यादव से पूछताछ करने के बाद शवों की शिनाख्त की। शिनाख्त करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।


जीआरपी शिकोहाबाद चौकी प्रभारी हरीश कुमार यादव ने बताया कि दोनों बहनें घर से किसी बात से नाराज होकर निकली थीं। जिसके बाद उनकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। यही सूचना ट्रेन के लोको पायलट ने वरिष्ठ रेल अधिकारियों को भी दी थी। लोको पायलट का कहना है कि दोनों एक दूसरे का हाथ थामकर रेलवे ट्रैक पर खड़ी थी।

# जमीन खरीना होगा महंगा, 16 अगस्त से लागू हो रहे नए सर्किल रेट

एनएनआई

**आगरा।** प्रदेश के कई जिलों में नये सर्किल रेट लागू हो चुके हैं। आगरा में 16 अगस्त से लागू होंगे। इसकी तैयारी कर ली गई है। आपत्तियों का निस्तारण हो गया है। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया-प्रस्तावित सर्किल रेट को फाइनल रूप दिया जा रहा है।

प्रदेश के अधिकांश जिलों में 1 अगस्त से नये सर्किल रेट लागू कर दिए गए। कुछ जिलों में अगस्त के पहले सप्ताह में नये सर्किल रेट की सूची जारी की गई। आगरा में भी सर्किल रेट जारी करने की डेट कई बार घोषित हो चुकी है, लेकिन जारी नहीं हो पाए। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी का कहना है कि अब पूरी तैयारी है। स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन जिले में नये सर्किल रेट जारी कर दिए जाएंगे। इससे पहले डीएम ने निबंधन विभाग को प्रस्तावित रेटों की फाइल लौटा दी थी। उन्होंने प्रस्ताव की कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं।



पूर्व में कई क्षेत्रों में प्रस्तावित सर्किल रेटों पर कुछ आपत्तियां थीं, जिनका अभी निस्तारण नहीं हो पाया है। अधिवक्ताओं का कहना था, फतेहाबाद रोड की तरफ से शहर का तेजी से विस्तार हो रहा है, लेकिन यहां उस अनुपात में सर्किल रेट नहीं बढ़ाए जा रहे। ऐसे ही कई क्षेत्र में जहां सर्किल रेट में असमानता है। डीएम ने इन असमानताओ को दूर करने के लिए कहा है।

**50 फीसद तक बढ़ सकते हैं रेट**

आगरा में 50 फीसद तक जमीनों के रेट बढ़ सकते हैं। शहर में 30 से 35 फीसद, सेगमेंट रोड पर 40 से 50 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय-व्यवसायिक श्रेणी में 25 से 30 प्रतिशत और सेगमेंट रोड पर 30 से 35% तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। सर्किल रेट में बदलाव होने से मकान से लेकर दुकान और खेत खरीदना महंगा हो जाएगा। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी का कहना है- सर्किल रेट के प्रस्ताव को लेकर कुछ आपत्तियां थीं, इनका निस्तारण कर लिया गया है। इसे फाइनल किया जा रहा है। 16 अगस्त से जिले में नये सर्किल रेट लागू कर दिए जाएंगे।

# जान देने के लिए यमुना में कूदा युवक, सिपाही ने बचाई जान

- घर से नाराज होकर निकला था, हाथीघाट से कूदा
- पीठ पर बैग टंगा होने से दो किमी दूर तक बहा
- ताजमहल के समीप रिवर पुलिस ने बचाई जान



**आगरा** एनएनआई। घरवालों से नाराज होकर निकले युवक ने मंगलवार रात को यमुना में छलांग लगा दी। पीठ पर टंगे बैग की वजह से वह पानी में नहीं डूबा। तेज बहाव से बहता हुआ वो किमी दूर दशहरा घाट तक पहुंच गया। जल चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी सतर्क थे। मोटर बोट से मुख्य आरक्षी संजय कुमार पहुंच गए। उन्होंने पानी में कूदकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना बीती रात करीब 8 बजे की है। हाथी घाट पुल से युवक यमुना में कूद गया। पानी का बहाव तेज था। वह आगे की तरफ बह रहा था। थाना ताज सुरक्षा पुलिस के टावर नंबर 3 पर सुरक्षा निगरानी में तैनात जवानों ने उसे देख लिया। आवाज सुनकर टॉर्च से देखा तो इसकी सूचना थाना ताज सुरक्षा पुलिस को दी गई।

कार्यवाहक थाना प्रभारी उदित नयन सिंह ने जल चौकी के कर्मचारियों को अलर्ट कर दिया। जल चौकी के कर्मचारी मोटर बोट लेकर पहुंच गए। एसआई ढाका, मुख्य आरक्षी संजय कुमार और आरक्षी भानवेंद्र सिंह यमुना में कूदे। मोटर बोट की मदद से युवक को बाहर निकाल लिया। इसके बाद पूछताछ की।

**बैग ने किया कवच का काम**

पुलिस के मुताबिक, युवक का नाम गौरव गुप्ता (20) पुत्र रामेश्वर गुप्ता है। वह गल्ला मंडी, थाना ट्रांस यमुना का रहने वाला है। उसने बताया कि वह घर से नाराज होकर निकल आया था। उसने आत्महत्या करने के बारे में सोचा। हाथी घाट पुल से यमुना में कूद गया। उसे थाना ताजगंज पुलिस के सुपुर्द किया गया। एसीपी ताज सुरक्षा ने बताया कि युवक आत्महत्या करना चाहता था। वह घर से बैग लेकर निकला था। बैग पीठ पर टांग लिया। पानी में कूदने पर बैग ने टायर की तरह काम किया। वह पानी में बहने लगा। ताजमहल के पास पानी अधिक है। इसमें डूब भी सकता था, लेकिन मोटर बोट से पहुंचे संजय कुमार सहित अन्य ने उन्हें बचा लिया।

# झपट्टा मार गिरोह से हुई पुलिस की मुठभेड़, तीन गिरफ्तार



- पुलिस की जबावी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में लगी गोली
- बदमाशों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और नकदी हुई बरामद

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला पुलिस की झपट्टा मार गिरोह से मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से गोली चली। इस दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया।

झपट्टा मारकर मोबाइल और नकदी छीनने वाले तीन शातिरों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। शातिर ऑटो में बैठकर भाग रहे थे। एसीपी छता पीयूष कांत राय ने बताया कि एत्माद्दौला थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नकदी और मोबाइल छीनने की घटना को अंजाम देने वाले शातिर लुटेरे किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने प्रकाश नगर के पास पुरानी पुलिया पर घेराबंदी की। इसी दौरान सामने से एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देख ऑटो कच्चे रास्ते की ओर भगाने लगे। पीछा करने पर पुलिस टीम पर शातिरों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में ऑटो में बैठे शातिर इमरान पुत्र जमील के पैर में गोली। वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने घेराबंदी कर इमरान के उसके दो अन्य साथियों सानू और अल्ताफ पुत्र अब्बास अली को गिरफ्तार कर लिया। शातिरों के पास से पुलिस ने तमंचा कारतूस के अलावा लूटी गई 4 हजार की नगदी में से 3 हजार नकद और छीना गया मोबाइल बरामद किया है। घायल इमरान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# गायक बनने के शौक में सिपाही ने लाखों गंवाए

## साइबर ठगों की साजिश को समझ न सका सिपाही, गवां बैठा पांच लाख रुपये

एनएनआई

**आगरा।** संगीत में शौक रखने वाला जीआरपी सिपाही साइबर अपराधियों की ठगी का शिकार हो गया। आरोपी ने फर्जी म्यूजिक डायरेक्टर बनकर दोस्ती की। जाने-माने संगीतकारों के साथ फोटो शेयर कर झांसे में लिया और फिर म्यूजिक कंपनी में सिक्योरिटी के नाम पर 5.32 लाख रुपये हड़प लिए। सिपाही ने जानकारी की तो कई और लोगों के साथ ठगी का पता चला। सिपाही ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जीआरपी सिपाही अरुण कुमार शर्मा ने एसीपी हरीपर्वत से शिकायत की। बताया कि इंस्टाग्राम पर मोहम्मद इरफान अली नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। पोस्ट करने वाले ने खुद को म्यूजिक डायरेक्टर बताया। उनके गायन की तारीफ करते हुए काम का लालच दिया। खुद के कई बड़े संगीतकारों के साथ फोटो भेजे। सिपाही को बड़ा गायक बनाने का



सपना दिखा दिया।

कुछ दिन बातचीत के बाद गीत रिकॉर्ड कराने के लिए बिलीव म्यूजिक इंडिया कंपनी में सिक्योरिटी मनी जमा करने की बात कही। रुपये तीन माह बाद वापसी का आश्वासन भी दिया। अरुण ने लोन लेकर 7 अक्तूबर 2024 से 13 जनवरी 2025 तक यूपीआई के माध्यम से 5.32 लाख रुपये भेज दिए। इसके बावजूद गाना रिकॉर्ड नहीं कराया। फोन पर बात करने पर आरोपी बहाना बनाता रहा। बाद में काम न दिलवाने की बात कही। इस पर उन्होंने रुपयों का तकादा किया तो आरोपी ने उन्हें इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया। बार-बार फोन करके रुपये मांगने पर अपने संबंध गैंगस्टरों से बताने लगा। कहा कि वह नौकरी से निकलवा देगा। नादिर खान नामक व्यक्ति से कॉल करवाकर धमकाया। बाद में सिपाही को पता चला कि उनके जैसे कई लोगों को जाल में फंसा कर ठगी की गई है।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि साइबर अपराध के मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अपराधी लालच में फंसा कर ठगी करते हैं। इसलिए अंजान नंबर से आने वाले कॉल पर बात नहीं करें। कोई बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी या फिर किसी कंपनी का प्रतिनिधि बनकर किसी तरह से धमकाता है, लालच देता है तो समझ जाएं, ठगी की जाने वाली है।

# सर्पदंश से किसान की मौत, पिता की तेरहवीं के दिन टूटा परिवार पर दूसरा पहाड़

**पिनाहट** एनएनआई। थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बसई भदोरिया में सोमवार की उस समय मातम छा गया जब खेत पर फसल की रखवाली कर रहे करीब 50वर्षीय किसान गिरवर पुत्र कालीचरन की सर्पदंश से मौत हो गई।बताया जा रहा है कि गिरवर सुबह खेत की रखवाली करने गए थे, तभी जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। परिजन आनन–फानन में उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।गम और बढ़ गया जब यह पता चला कि सिर्फ 12 दिन पहले गिरवर के पिता का निधन हुआ था और आज पिता की तेरहवीं के दिन ही बेटे की भी असमय मौत हो गई। एक ही परिवार में दो–दो मौतों से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।गांव के लोगों ने बताया कि गिरवर मेहनती और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है और परिजन बदहवास हालत में हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 13 अगस्त, 2025


# डीएम के निर्देश पर औद्योगिक इकाइयों में छापामार कार्रवाई

■ अनुदानित यूरिया के दुरुपयोग के चलते हो रही है कार्यवाही

एनएनआई






**आगरा।** जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के निर्देश पर गठित तीन विशेष टीमों ने मंगलवार को शहर व आसपास की 10 औद्योगिक इकाइयों में छापामार कार्रवाई कर गहन निरीक्षण किया। कार्रवाई में अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम, द्वितीय व तृतीय, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक (सहकारिता), उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी और उद्योग विभाग के अधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण का उद्देश्य चिन्हित उत्पादों के निर्माण में अनुदानित नीम कोटेड यूरिया के दुरुपयोग की जांच करना था। टीमों ने मैसर्स अनिल पेंट्स ई-12 फाउण्ड्री नगर, मिली अग्रवाल सी-61 फाउण्ड्री नगर, बंसल एग्रो फूड रामबाग, शक्ति फीड्स रामबाग, विन्को पेंट्स रहनकला रोड कुबेरपुर, बालमुकुन्द रमेशचन्द सोप मैन्युफैक्चर फतेहाबाद रोड, सेफकोन लाइ साइंसेस बी-36 ईपीआईपी शास्त्रीपुरम, स्टक केमिकल प्रा. लि. ई-4 साइट-सी सिकंदरा, श्री आर.आर. बायोफ्यूल इंडस्ट्रीज और सलीन पेंट्स कुबेरपुर में छापे मारे। जांच में कहीं भी नाइट्रोजिनस कम्पाउण्ड, टैक्निकल ग्रेड यूरिया या फार्मेल्डीहाइड यूरिया के स्थान पर अनुदानित यूरिया के रॉ मैटेरियल के रूप में प्रयोग का मामला सामने नहीं आया। प्रशासन ने बताया कि शेष औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण आगामी दिनों में जारी रहेगा।

## लायंस क्लब यशकीर्ति ने दृष्टिबाधित बच्चों को भेंट की ब्रेल किट

एनएनआई



**आगरा।** लायंस क्लब यशकीर्ति आगरा ने दृष्टिबाधित बच्चों के जज्बे को सलाम करते हुए उनके शिक्षण मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। स्वामी प्रताप सिंह बघेल दृष्टिबाधित बालक विद्यालय, टेढ़ी बगिया में 32 दृष्टिबाधित बच्चे निवास व अध्ययन करते हैं, जिन्हें ब्रेल किट की आवश्यकता थी। इसी क्रम में क्लब ने 5 बच्चों के लिए ब्रेल किट व स्टेशनरी सामग्री भेंट की। कार्यक्रम में लायन रोमा सिंह एमजेएफ (जिला हंगर चेयरपर्सन), लायन प्रतिमा राणा एमजेएफ (जोन चेयरपर्सन), लायन विनीता अरोड़ा (अध्यक्ष), लायन ज्योति तिवारी (सचिव), लायन मनीषा जैन, लायन संगीता, लायन अंजनी और लायन हिना उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल न केवल बच्चों को पढ़ाई में मदद करेगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की राह पर भी अग्रसर करेगी।


## एस.एन. की 'तिरंगा यात्रा' में उमड़ा देशभक्ति का जनसैलाब

### 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज के तत्वावधान में मंगलवार सुबह एक विशाल 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई। एमबीबीएस और नर्सिंग के छात्र-छात्राओं की इस यात्रा में राष्ट्रभक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 7 बजे सूरसदन, संजय प्लेस से हुआ। सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लिए 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों से गगन गुंजा रहे थे। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसने राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भी राष्ट्रप्रेम की भावना से भर दिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि यह गर्व की बात है कि भावी चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी राष्ट्रीय पर्वों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने इसे समाज में देशभक्ति का सशक्त संदेश बताया। यह आयोजन न केवल सफल रहा बल्कि शहरवासियों, विशेषकर युवाओं में स्वतंत्रता दिवस के प्रति जोश और गर्व की नई लहर भी लेकर आया।





# सेंट एंड्रूज पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल कॉमक्वेस्ट 2025 का ग्रैंड फिनाले

एनएनआई



**आगरा।** सेंट एंड्रूज पब्लिक स्कूल, कमला नगर शाखा में इंटर स्कूल कॉमक्वेस्ट 2025 का ग्रैंड फिनाले भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूरन डावर (अध्यक्ष, फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद, भारत सरकार), विद्यालय के सीएमडी डॉ. गिरधर शर्मा, एमडी ओषिन शर्मा, प्रांजल शर्मा, अपूर्वा शर्मा, शिवांजल शर्मा, निर्णायक मंडल और विद्यालय प्रशासन ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। छात्रों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। एमडी ओषिन शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता के नियम बताए। टग ऑफ वर्ड्स, वेंचर शार्क और डिजिटल पैलेट के फाइनल राउंड में 6 विद्यालयों की टीमें शामिल हुईं। आयोजन में सेंट एंड्रूज स्कूल ने मुख्य प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया, पर इंटर एंड्रूज स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की। टग ऑफ वर्ड्स– दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रथम, गायत्री पब्लिक स्कूल द्वितीय, कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। वेंचर शार्क– गायत्री पब्लिक स्कूल प्रथम, कर्नल्स ब्राइटलैंड द्वितीय, गणेश राम नगर सरस्वती बालिका विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा। डिजिटल पैलेट– आगरा पब्लिक स्कूल प्रथम, ऑल सेंट्स द्वितीय, कर्नल्स ब्राइटलैंड तृतीय स्थान पर रहा। विजेता टीमों को क्रमशः 5100 रुपये, 3100 रुपये और 2100 रुपये के चेक, शील्ड व प्रशस्ति पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि ने युवाओं को रोजगार देने वाले उद्यमी बनने की प्रेरणा दी। सीएमडी डॉ. शर्मा ने अतिथियों व निर्णायकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर आभार व्यक्त किया।

मंच संचालन आदित्य अग्रवाल, सुहानी, आयशा, मानवी और उर्वि ने किया। कार्यक्रम में विकास गोयल, आलोक वैष्णव, अरविंद पचौरी, संजय मंगल, निखिल कुमार, अंकुर सक्सैना, जूली दीक्षित, अनुभव बंसल, अंजना गुप्ता, ऋषभ सिंह, अपर्णा शुक्ला, पूजा प्रेमचंदानी, नुपूर बंसल, मनीष कुशवाह, रिकी शर्मा, हर्षित पाठक, शुभी कपूर, उत्कर्षा अरोड़ा, सौम्यदेव मंडल, भावना राठौर, विक्की कथूरिया एवं नलिनी अग्रवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## चातुर्मासिक प्रवचनों में परोपकार और सम्यक दर्शन की सीख

**श्री श्वेताम्बर जैन स्थानक महावीर भवन में संतों का केश लोच कार्यक्रम प्रारंभ**

**आगरा।** श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन ट्रस्ट, आगरा के तत्वावधान में महावीर भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचनों में मंगलवार को आदीश मुनि और विजय मुनि ने धर्मसभा को संबोधित किया। इस दौरान संतों का केश लोच कार्यक्रम भी शुरू हुआ, जिसमें रोहन मुनि का केश लोच जय मुनि ने अपने करकमलों से किया। 'सुख पाने के सूत्र' की श्रृंखला में तेरहवें सूत्र का विवेचन करते हुए पूज्य आदीश मुनि ने कहा कि परोपकार जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाता है और इसकी शुरुआत परिवार के बड़ों की सेवा से होती है। उन्होंने जैन शास्त्रों की हाथी और खरगोश की कथा सुनाते हुए बताया कि करुणा व दया से किया गया कार्य अवश्य ही पुण्य का संचय करता है। अन्नदान, वस्त्रदान और आश्रयदान को भी उन्होंने पुण्य का प्रमुख साधन बताया। विजय मुनि ने प्रवचन में कहा कि जिनवाणी का श्रवण और सम्यक दर्शन बुद्धि को जागृत करता है। निंदा से बचना और मौन धारण करना कलह को दूर करता है। उन्होंने 'कम खाना, गम खाता और नम जाना' कहावत का उल्लेख करते हुए इसे जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। सभा के अंत में गुरुदेव ने श्री वासुपूज्य नाथाय नमः का जाप कराया और बुराई न करने तथा झूठा न छोड़ने की शपथ दिलाई। तपस्या की कड़ी में कई श्राविकाओं के उपवास जारी हैं। जालंधर से आए गुरु भक्त योगेश जी ने भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में दुर्लभ ग्रंथों की प्रदर्शनी का आयोजन

**आगरा (एनएनआई)।** डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर स्थित एस आर रंगनाथन केंद्रीय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस के अवसर पर दुर्लभ एवं संदर्भ ग्रंथों की प्रदर्शनी आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आशु रानी ने की। प्रदर्शनी का उद्घाटन उन्होंने एवं पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद अरशद ने डॉ एस आर रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कुलपति ने अपने उद्बोधन में डॉ रंगनाथन के विज्ञान क्षेत्र में अमूल्य योगदान को बताया और विद्यार्थियों को उनके कार्यों से सीख लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी में डॉ. रंगनाथन की 1934 की पुस्तक फाइव लॉ ऑफ लाइब्रेरी साइंस, पांडुलिपियां, चित्रलेखा सिंह की पेंटिंग्स एवं रॉक कट टेंपल्स ऑफ इंडिया जैसे ग्रंथ प्रमुख रहे। कार्यक्रम में अखिल शर्मा और हिरेश कुमार ने भी अपने विचार साझा किए।



## श्री महालक्ष्मी भक्तमंडल का कृष्ण जन्माष्टमी पर तीन दिवसीय उत्सव




एनएनआई

**आगरा।** श्री महालक्ष्मी भक्तमंडल परिवार द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर 14 से 17 अगस्त तक जनक पार्क में तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों का शुभारंभ मंगलवार को कमला नगर स्थित आयोजन समिति कार्यालय में हुआ। अध्यक्ष विशाल बिंदल ने बताया कि जनक पार्क को वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की भव्य झांकी से सजाया जाएगा। 14 अगस्त को सुबह 10 बजे भूमि पूजन एवं हवन होगा। 16 अगस्त को शाम 5 बजे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और श्री राधाकृष्ण प्रतियोगिता आयोजित होगी।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण 17 अगस्त को शाम 7 बजे बांके बिहारी के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें टी-सीरीज के प्रसिद्ध भजन सम्राट रामकुमार लक्खा, गायक राजू बाबरा और कोमल शर्मा अपनी मधुर आवाज से भक्तों को भक्ति रस में डुबोएंगे।भजन संध्या से पहले दोपहर में गोवर्धन के दानघाटी मंदिर से लाई गई श्री गिर्राज जी की शिला का महाअभिषेक होगा, उसके बाद भव्य श्रृंगार दर्शन होंगे। सह संयोजक नीरज वर्मा ने बताया कि हजारों श्रद्धालु श्याम रसोई का आनंद लेंगे और बांके बिहारी जी का खजाना भी वितरित किया जाएगा। आयोजन में प्रमुख पदाधिकारी एवं भाजपा नेता भी उपस्थित रहेंगे।

# मुनि सौम्य सागर ने सुनाई स्वतंत्रता सेनानी मोतीलाल जैन की वीरगाथा

एनएनआई

**आगरा।** छिपीटोला के निर्मल भवन में आयोजित सभा में मुनि सौम्य सागर महाराज ने जैन स्वतंत्रता सेनानी मोतीलाल जैन के देश की आजादी के लिए अद्भुत बलिदान और योगदान की कहानी श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत की। मुनि श्री ने बताया कि मोतीलाल जैन ने अंग्रेजी सरकार को अपनी कलाई की नस काटकर खून से पत्र लिखा था, जिसमें फांसी से पहले उनकी अंतिम इच्छा पूरी करने की मांग की गई। मुनि सौम्य सागर ने बताया कि मोतीलाल जैन ने फांसी से पहले दिगंबर भगवान के दर्शन करने की इच्छा जताई थी। सुबह 4 बजे जिनालय से पारसनाथ भगवान की प्रतिमा लाई गई और मोतीलाल जैन को जिनेंद्र भगवान के दर्शन कराए गए। इसके बाद मोतीलाल जैन को फांसी के फंदे पर लटकाया गया। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण उत्सर्ग को गर्व से स्वीकार किया और जैन धर्म को अमर बना दिया। मुनि सौम्य सागर ने बताया कि मोतीलाल जैन बाल गंगाधर तिलक के साथ स्वतंत्रता संग्राम में शामिल थे। एक महंत के अंग्रेजों के साथ सहयोग पर विरोध जताने के कारण मोतीलाल जैन को गिरफ्तार कर फांसी की सजा सुनाई गई। सभा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मुनि श्री ने स्वाधीनता संग्राम के साथ-साथ देश सेवा, आयुर्वेद, आत्मनिर्भर भारत, और जैनिज्म के गौरव पर भी महत्वपूर्ण प्रकाश डाला।







# विवि के दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू

## कुलपति ने की समीक्षा बैठक, व्यवस्थाओं को लेकर दिए दिशा निर्देश

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में आगामी 91वां दीक्षांत समारोह 20 अगस्त 2025 को स्वामी विवेकानंद खंदारी परिसर स्थित छत्रपति शिवाजी मंडपम में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस में दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें कुलसचिव अजय मिश्रा सहित सभी समिति संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सभी समितियों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा हुई तथा आवश्यक सुधार सुझाव दिए गए। कुलपति एवं कुलसचिव ने निर्देश दिया कि आमंत्रण पत्र विश्वविद्यालय से जुड़े सभी गोद लिए गए गांवों के ग्राम प्रधान, समाज कल्याण विभाग और सहयोगी संस्थाओं को भी भेजे जाएं। इस वर्ष समारोह में प्रत्येक पदक विजेता के साथ दो अभिभावकों को आमंत्रित किया जाएगा।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, मा. उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ) केजी सुरेश (निदेशक, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली) उपस्थित रहेंगे। अतिथियों के स्वागत और समन्वय के लिए प्रो. शरदचंद उपाध्याय को कुलाधिपति एवं राज्यपाल के समन्वयक, प्रो. मनु प्रताप सिंह को कार्यकारिणी परिषद सदस्यों के समन्वयक, जबकि इंजीनियरिंग विभाग की टीम को विशेष व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में मेडल, पोषक भोजन, सफाई व्यवस्था और परिसर स्थित मंदिर के साज-सज्जा पर विशेष जोर दिया गया। समारोह के दिन माननीय कुलाधिपति द्वारा योग वाटिका, चंदन उद्यान आदि का डिजिटल उद्घाटन भी किया जाएगा। पूर्व वर्षों की तरह कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व विश्वविद्यालय की डॉक्यूमेंट्री फिल्म सामुदायिक रेडियो द्वारा निर्मित प्रदर्शित होगी। प्रो. प्रदीप श्रीधर एवं उनकी समिति द्वारा तैयार प्रगति आख्या प्रस्तुत की जाएगी तथा कुछ नवीन पुस्तकों का विमोचन भी होगा।

समीक्षा बैठक में कुलपति प्रो. आशु रानी, कुलसचिव अजय मिश्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार कैलाश बिन्द,डीन अकादमिक प्रो. मनु प्रताप सिंह , प्रो. संजय चौधरी, प्रो बृजेश रावत, प्रो बिंदु शेखर, प्रो बी पी सिंह, प्रो. बी.एस. शर्मा, डीन प्रो. अर्चना सिंह, असिस्टेंट रजिस्ट्रार राम सेवक और राकेश मिश्रा, जनसम्पर्क अधिकारी पूजा सक्सेना सहित विभिन्न समिति संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. आशु रानी ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण करने की ओर अग्रसर है, ऐसे में 91वां दीक्षांत समारोह भी उच्च स्तरीय और उत्कृष्ट होना चाहिए तथा सभी तैयारियां छात्र हित को केंद्र में रखकर की जाएं।

## आयुष्मान कार्ड के लिए 14 अगस्त को कैंप

**आगरा** एनएनआई। जनता की सुविधा के लिए हेल्प आगरा संस्था की ओर से आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर हेल्प आगरा भवन मोती कटरा पर 14 अगस्त गुरुवार को लगाया जा रहा है। समय सुबह10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। आयुष्मान कार्ड के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड (यदि हो तो) और मोबाइल फोन साथ में लाना होगा। राशन कार्ड में 6 या 6 से अधिक व्यक्तियों के होने पर सभी व्यक्ति तथा 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। अध्यक्ष सुरेंद्र जैन व महासचिव गौतमसेठ ने 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों से निवेदन किया है कि यदि उनके आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने है ,तो इस शिविर में आ कर बनवा लें।

## श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिताओं में बच्चों ने मोहा मन



एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती आगरा पश्चिम प्रताप समिति द्वारा बाल रूप श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन जय झूलेलाल मंदिर, आलोक नगर, प्रताप नगर, जयपुर हाउस, आगरा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ समाजसेविका बबिता पाठक, एस एन मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजिस्ट विभाग के प्रमुख डॉ अंकुर गोयल, जय झूलेलाल सिन्धी युवा सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र पुरसनानी जेठा भाई, संस्कार भारती के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चन्द्र अग्रवाल, प्रचारक एवं अखिल भारतीय अधिकारी बांकेलाल गौड़, आगरा महानगर अध्यक्ष आर्कीटेक्ट राजीव द्विवेदी और पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल सुपारी वाले ने भगवान कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया. कला साधिका समिति की बहिनों द्वारा ध्येय गीत गाया गया।

यह प्रतियोगिता चार आयु वर्गों में आयोजित की गयी। प्रथम वर्ग नवजात से 1 वर्ष की आयु वर्ग में कान्हा की 13 प्रस्तुति रहीं। द्वितीय वर्ग 1 से 3 वर्ष की आयु वर्ग में कान्हा की 19 प्रस्तुति रहीं। तृतीय वर्ग 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग में कान्हा की 19 प्रस्तुति रहीं। चतुर्थ वर्ग 6 से 9 वर्ष के आयु वर्ग में कान्हा की 23 प्रस्तुति रहीं। कार्यक्रम का संयोजन प्रदीप सिंघल, आशीष जैन और छीतरमल गर्ग ने किया।

कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में रश्मि सिंह, डा एकता श्रीवास्तव, नीता गर्ग, सी ए निमिषा जैन, डा ऋतु अग्रवाल, सुनीता पाठक और गीता अग्रवाल रहे। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया और हर वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार दिया गया। संचालन ओम स्वरुप गर्ग, शुभांशु गर्ग, नीरज अग्रवाल, राकेश पाठक, श्याम तिवारी ने किया. कान्हा कि मनमोहक छविया सभी का मन मोह रही थी।

इस अवसर पर संस्कार भारती के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष नन्द नन्दन गर्ग, महामंत्री ओम स्वरुप गर्ग, शुभांशु गर्ग, इंजी. नीरज अग्रवाल, आशीष जैन, राकेश पाठक, इंजी. सुरेश चंद्र अग्रवाल, सुधांशु गर्ग, ओम स्वरूप गर्ग, श्याम तिवारी, संदीप गोयल, प्रभुदत्त उपाध्याय, ऋतुराज दुबे, दीपक गर्ग, अभिषेक गर्ग, दीपक कपूर, कृष्णा गर्ग, ईश्वर पाल सिंह, अभिषेक गर्ग, ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश लखनऊ की डा आभा सिंह, डा एकता श्रीवास्तव, डा मोना मिश्रा, प्रोफेसर बिंदु अवस्थी, डा सरोज भार्गव, डा साधना सिंह, नीनू गर्ग, अनिता भार्गव, आस्था गर्ग , मीरा गर्ग, सुनील मित्तल, आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सिंधी समाज ने हर्षोल्लास से मनाई टीजड़ी

एनएनआई



**आगरा।** सिंधी समाज में करवा चौथ के रूप में प्रसिद्ध टीजड़ी पर्व आज बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व सिंध प्रांत से चली आ रही एक प्राचीन परंपरा है, जिसमें विवाहित महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं।

परंपरा के अनुसार 11 अगस्त की मध्यरात्रि को महिलाएँ उठकर हाथों में मेहंदी रचाती हैं और हल्का सा फल ग्रहण करती हैं। पूरे दिन निर्जला व्रत रखती है इसके उपरांत 12 अगस्त की रात्रि को चाँद को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन करती हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक सिंधी गीत-संगीत, नृत्य और झूला झूलने का आनंद लिया।

झूले पर गेहूँ के अंकुरित पौधे को रखकर संयुक्त रूप से उसकी पूजा की गई। पूरे वर्ष इस पर्व का बेसब्री से इंतजार करने वाली महिलाएँ रंग-बिरंगे परिधानों में सजधज कर आईं और पूरे आयोजन को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम में संगीता नोतनानी, सोनु नोतनानी, कविता भल्ला, दिव्या मूलचंदानी, संजना नोतनानी, विन्नी मूलचंदानी, रिया भल्ला, पायल नोतनानी, भावना नोतनानी, बबीता नोतनानी आदि उपस्थित रहे।



अर्जुन नगर में टीजड़ी माता की पूजा करती कोमल चेतवानी, कविता, दीवा,लता खेमानी, कांता, कशिका, रितु,जिया, कीर्ति, नेहा खेमानी आदि

# जागी उम्मीदः अकोला बनेगी तहसील

## विधायक धर्मेश के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल, मिला आश्वासन







एनएनआई

**आगरा।** अकोला ब्लाक को तहसील का दर्जा दिलाए जाने की गूंज राजधानी लखनऊ तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद अकोला को तहसील का दर्जा मिलने की उम्मीद बंधी है। अब देखना यह होगा कि इसकी घोषणा की रस्म अदायगी कब होती है।

अकोला को तहसील बनाए जाने की मांग पिछले 24 सालों की जा रही है। अकोला तहसील बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक केदार सिंह चाहर इसके लिए लगातार आंदोलन कर रहे हैं। गांव -देहात से लेकर राजधानी लखनऊ तक संघर्ष किया गया। इस मांग को बल तब मिला जब संघर्ष समिति की

*अकोला तहसील संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी बात
*मुख्यमंत्री ने दिया अकोला को तहसील बनाने का आश्वासन

मुलाकात प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई। आगरा छावनी विधान सभा के भाजपा विधायक डॉ. जीएस धर्मेश के नेतृत्व में अकोला तहसील बनाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिला। जाट वंशावली के संरक्षक राजकुमार चाहर डब्ल्यू ने मुख्यमंत्री के समक्ष अकोला को तहसील बनाने की सारी परिस्थितियों को रखा। वर्ष 2022 में शासन की ओर से मांगी गई रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया। प्रतिनिधिमंडल की तफ्सील से बात सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने अकोला को तहसील बनाये जाने का आश्वासन दिया। समिति के संयोजक केदार सिंह चाहर ने बताया कि मुख्यमंत्री के आश्वासन पर अकोला के तहसील बनने की आस जागी है। हमारा संघर्ष रंग लाएगा। प्रतिनिधि मंडल में एडवोकेट केदार सिंह चाहर के अलावा जाट वंशावली के संरक्षक डब्ल्यू राजकुमार चाहर, जाट वंशावली के संस्थापक अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, वीरपाल सिंह प्रधान, राजवीर प्रधान, वासुदेव फौजदार, जितेंद्र सिंह उर्फ लाला प्रधान, प्रबंधक नरेन्द्र सिंह चाहर मौजूद रहे।

## चिश्ती की दरगाह पर पहुंचे क्रिकेटर राहुल चाहर



एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा खिलाड़ी राहुल चाहर ऐतिहासिक नगरी फतेहपुर सीकरी पहुंचे। यहां उन्होंने सूफी संत हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह पर हाजिरी दी।

बता दे कि इस दौरान उन्होंने दरगाह पर चादरपोशी की, मन्नत का धागा बांधा और देश में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ की। दरगाह पर पहुंचने पर खादिम चांद कुरैशी व अनवर कुरैशी ने उनका स्वागत किया और दरगाह की आध्यात्मिक महत्ता से अवगत कराया। चादरपोशी के बाद राहुल चाहर ने दरगाह परिसर और सीकरी के अन्य ऐतिहासिक भवनों का अवलोकन भी किया। उन्होंने यहां की स्थापत्य कला और विरासत की प्रशंसा की। उनकी मौजूदगी से दरगाह पर आए जायरीन में भी उत्साह देखने को मिला।

## धरने पर बैठा पूर्व पीएम अटल जी का परिवार

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर मंदिर के परिक्रमा मार्ग पर जल भराव की समस्या को लेकर मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का परिवार धरने पर बैठ गया। धरने पर बैठते ही मौके पर पहुंचे बाह के एसडीएम हेमंत कुमार, बीडीओ नीरज तिवारी ने पंपसेट चलवा कर पानी की निकासी कराई। धरना प्रदर्शन करने वालों ने एसडीएम और सांसद पुत्र परमवीर चाहर को ज्ञापन देकर पानी निकासी की समस्या का स्थाई समाधान कराए जाने की मांग की। जिस पर उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। पूर्व प्रधानमंत्री के घर के रास्ते पर कीचड़



आदि की सफाई के निर्देश प्रधान और सचिव को दिए। इसी दौरान अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम राज माता मंदिर मार्ग पर पहुंच गये। उन्होंने जांच और कार्यवाही की बात कही है। इस दौरान अटल जी के भतीजे अश्वनी वाजपेयी, राकेश वाजपेयी, सचिन वाजपेयी, चरन सिंह यादव, राकेश शर्मा, इंद्रवीर सिंह, दिनेश, तुलसीराम आदि रहे।

## सहायक पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण

**बाह** एनएनआई। थाना बाह में सोमवार को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी )बाह ने त्रैमासिक निरीक्षण किया इस दौरान थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय, शस्त्रागार, बैरक आदि का निरीक्षण किया एवं थाना अभिलेखों को अद्यतन करने, पुलिस कर्मियों के कार्य संचालन में दक्षता बढ़ाने के निर्देश दिए ` साथ ही, स्थानीय नागरिकों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद स्थापित करने, जनसुनवाई को प्रभावी बनाने एवं पुलिस सेवा को और अधिक जनहितैषी बनाने पर विशेष जोर दिया।थाना निरीक्षण के दौरान संबंधित समस्त थाना पुलिस स्टाफ को कानून-व्यवस्था को मजबूत करने हेतु सतर्क एवं संवेदनशील रहते हुए त्वरित एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।





## बटेश्वर के घाट पर स्थिर हुई यमुना, फसलों को लेकर किसान परेशान

**बाह** एनएनआई। उफान के बाद सोमवार को बटेश्वर के घाट पर यमुना नदी का जलस्तर स्थिर हो गया। यमुना नदी के उफान के पानी में तराई के गांव बिक्रमपुर कछार, बिठौली, गगनकी, सुंसार, चरीथा, बाग गुड़ियाना समेत 35 गांवों के कछार के बाजरा, तिल और सब्जी के खेत में फसलें डूब गई हैं। फसलों के नष्ट होने और गांव तक पानी पहुंचने से परेशान ग्रामीण किसान नदी के जलस्तर पर निगाहें गढ़ाए बैठे हैं। बटेश्वर के घाट पर यमुना नदी के उफान और तेज बहाव से हादसे का खतरा पैदा हो गया है। एसडीएम बाह हेमंत कुमार ने बताया कि यमुना नदी के जलस्तर पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। किसी गांव के आबादी क्षेत्र तक नदी का पानी नहीं पहुंचा है।

## संपादकीय

# क्या राहुल से नाराज हैं विपक्षी नेता!

कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों के नेता राहुल गांधी की राजनीति देख कर परेशान हैं। उनको लग रहा है कि राहुल समूचे विपक्ष का स्पेस अकेले घेरे रहना चाहते हैं। कांग्रेस और राहुल के इकोसिस्टम की ओर से ऐसा प्रचार किया जा रहा है, जैसे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ अकेले राहुल गांधी लड़ रहे हैं। राहुल सारे काम अकेले करते हैं और उसके बाद वन मैन अपोजिशन का नैरेटिव बनाया जाता है। इस नैरेटिव से विपक्ष की कई पार्टियों के बड़े नेता नाराज हैं।बाकी सहयोगी पार्टियों को और उनके नेताओं को भीड़ के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बड़ा हमला किया। उन्होंने मतदाता सूची की गड़बड़ियों को लेकर एटम बम फोड़ा। राहुल गांधी ने अकेले प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जबकि चुनाव आयोग के विरोध और मतदाता सूची की गड़बड़ियों के खिलाफ विपक्ष की सभी पार्टियां एकजुट हैं और सबकी कुछ न कुछ शिकायतें हैं। उन्होंने केस स्टडी के तौर पर कर्नाटक की बेंगलुरू सेंट्रल लोकसभा सीट के तहत आने वाली महादेवपुरा विधानसभा सीट का ब्योरा मीडिया के सामने रखा। राहुल ने बताया कि महादेवपुरा में एक लाख से ज्यादा वोट की चोरी हुई है और इसके दम पर भाजपा जीती है। राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस से सबसे ज्यादा कंफ्यूजन बिहार में विपक्षी नेताओं में बना। इस समय मामला बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का चल रहा है, इसी मुद्दे पर पहले दिन से संसद की कार्यवाही ठप्प हो रही है, खुद कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, जिनमें सोनिया गांधी भी शामिल हैं, एसआईआर के विरोध में शामिल हो रही हैं लेकिन राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी कर्नाटक को लेकर।

राजद नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी ने जानबूझ कर ध्यान भटका दिया। बिहार में चल रहे एसआईआर की वजह से सारा फोकस राजद और तेजस्वी यादव पर बन रहा था। बिहार में 66 लाख के करीब नाम काटे जाने से देश भर में चुनाव आयोग पर सवाल उठ रहे हैं। बिहार में अब एसआईआर? का दूसरा चरण चल रहा है। अगर राहुल गांधी राजद और लेफ्ट के नेताओं के साथ बिहार की एसआईआर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते और चुनाव आयोग की ओर से जारी मसौदा मतदाता सूची की कमियां सामने रखते तो उसका ज्यादा असर होता। ध्यान रहे राहुल ने महादेवपुरा में एक मकान में 80 नाम होने का विवाद बनाया, जबकि बिहार में एक महान में 237 नाम मिले हैं और वह भी एसआईआर के बाद! राहुल गांधी ने पूरे मुद्दे को भटका दिया, ऐसा राजद के कई नेता मानते हैं। तभी कहा जा रहा है कि अगर राहुल गांधी ने सभी विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की होती तो वह ज्यादा असरदार होती। ध्यान रहे राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद एक खुलासा शरद पवार ने किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले किसी ने उनको 160 सीटों की जीत की गारंटी की थी और उन्होंने गारंटी देने वाले दो लोगों को राहुल गांधी से मिलवाया भी था। लेकिन बाद में राहुल और पवार दोनों इससे पीछे हट गए थे और उनकी सेवा लेने से इनकार कर दिया था। राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही इसका भी खुलासा होता तो इसका भी असर होता। ऐसे ही अखिलेश यादव से लेकर ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव तक सबको चुनाव आयोग से शिकायत है। लेकिन राहुल ने किसी को अपने साथ नहीं रखा।विपक्षी पार्टियों को सबसे ज्यादा दिक्कत इस बात की हुई कि राहुल गांधी ने गुरुवार, सात अगस्त को दिन में अकेले प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उसी दिन शाम में सभी विपक्षी पार्टियों को अपने घर पर रात्रिभोज का न्योता दिया था तो वहां भी प्रेस कॉन्फ्रेंस वाली पूरी प्रजेंटेशन दिखाई। ज्यादातर विपक्षी नेताओं ने दिन में ही राहुल का प्रजेंटेशन देख लिया था, जो उन्हें रात में दोबारा देखनी पड़ी। संसद में कई विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी चुनाव आयोग के खिलाफ लड़ाई को अपनी निजी लड़ाई बना रहे हैं। वे चाहते हैं कि बाकी विपक्षी पार्टियां उनके पीछे पीछे चलें। उनकी टीम उनको देश के नेता के तौर पर प्रोजेक्ट कर रही है। यह दिखाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी हों या चुनाव आयोग हो या अंबानी और अडानी हों सबके खिलाफ अकेले राहुल लड़ रहे हैं। इससे विपक्षी नेता परेशान हैं। उनका कहना है कि वे भी तो इसी तरह से लड़ाई लड़ रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि राहुल इन दिनों सहयोगी पार्टियों के नेताओं से मिल भी नहीं रहे हैं। सार्वजनिक कार्यक्रमों में मुलाकात हो रही है लेकिन अलग से वे नेताओं को मिलने का समय नहीं दे रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के एक बड़े नेता पिछले कई महीनों से समय मांग रहे हैं लेकिन राहुल ने समय नहीं दिया है।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर वर्ष भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह दिन भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र होता है क्योंकि मान्यता है कि इस दिन की पूजा और भक्ति से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर की जाने वाली पूजा में कुछ खास नियम और विधियां होती हैं, जिनका पालन करने से पूजा का प्रभाव बढ़ जाता है और भगवान की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन व्रत रखना, भगवान की प्रतिमा या चित्र की आराधना करना, और श्रद्धा से भजन-कीर्तन करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। साथ ही पूजा के दौरान शुद्धता और सादगी का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जन्माष्टमी के ये नियम न केवल पूजा को सफल बनाते हैं, बल्कि मन और आत्मा को शुद्ध कर अगले साल तक सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी देते हैं। ऐसे में इन नियमों का सही तरीके से पालन करना हर भक्त के लिए जरूरी है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## पूजा करते समय इन बातों का रखें ध्यान होंगे सभी मनोकामनाएं पूर्ण



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)

### बालगोपाल पर न चढ़ाएं मुरझाए हुए फूल

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन भगवान बालगोपाल की पूजा करते समय ध्यान रखें कि आप कभी भी मुरझाए हुए, सूखे या बासी फूल चढ़ाएं नहीं। फूल भगवान की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और ताजगी उनके प्रति श्रद्धा को दर्शाती है। यदि आप मुरझाए फूल चढ़ाते हैं, तो यह अपमान समझा जाता है और भगवान को यह पसंद नहीं आता। इसके अतिरिक्त, अगस्त के फूल, जिन्हें सेसबानिया ग्रैंडिफ्लोरा कहते हैं, भगवान कृष्ण को विशेष रूप से अप्रिय हैं। इसलिए, इन फूलों का उपयोग जन्माष्टमी की पूजा में बिल्कुल न करें।

### गाय को न सताएं

भगवान श्रीकृष्ण का गायों से बहुत गहरा प्रेम और लगाव है। वे स्वयं एक ग्वाल (गाय चराने वाले) थे और गायों को अपना माता-पिता समान मानते थे। जन्माष्टमी के दिन गोवंश की सेवा करना, उनका सम्मान करना और कभी भी उनका अपमान या सत्कार न करना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस दिन गायों को सताया या परेशान किया गया, तो पूजा और व्रत का फल अधूरा रह सकता है। इसके अलावा, ऐसी क्रिया से भगवान कृष्ण नाराज हो सकते हैं, जिससे भक्त को उनकी कृपा प्राप्त नहीं होती। इसलिए जन्माष्टमी के दिन गोवंश की रक्षा और सेवा करें।

### तुलसी की पत्तियां न तोड़ें

तुलसी का पौधा भगवान विष्णु और उनके अवतार कृष्ण की अति प्रिय वनस्पति है। इसलिए जन्माष्टमी के दिन तुलसी के पौधे की पत्तियां तोड़ना वर्जित होता है। पूजा में तुलसी की पत्तियां इस्तेमाल करने के लिए उन्हें एक दिन पहले ही तोड़कर साफ-सुथरा और ताजा रख लेना चाहिए। तुलसी के प्रति सम्मान भाव रखने से भगवान की प्रसन्नता होती है और पूजा का फल बढ़ता है।



### पीले वस्त्र पहनें

बालगोपाल को पीले रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है क्योंकि पीला रंग आनंद, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। इसी कारण जन्माष्टमी के दिन स्वयं और पूरे परिवार के सदस्य पीले रंग के वस्त्र धारण करें। इसके विपरीत, काले रंग के वस्त्र पहनना इस दिन अशुभ माना जाता है और इससे पूजा की सफलता पर असर पड़ सकता है। इस प्रकार पीले वस्त्र पहनकर आप पूजा में एकाग्रता और भक्तिभाव बढ़ा सकते हैं।

### चावल, प्याज, लहसुन आदि न खाएं


जन्माष्टमी के दिन व्रत रखने वाले भक्तों को चावल, प्याज, लहसुन और अन्य तीखे तथा भारी भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए। इस दिन शरीर और मन दोनों को शुद्ध रखना आवश्यक है। अधिक से अधिक ताजे फल, हल्का भोजन और जल का सेवन करें। साथ ही अपने मन को भी बुरे विचारों से दूर रखें, क्योंकि शुद्ध मन से की गई पूजा में भगवान की कृपा अधिक होती है।

### बुजुर्गों का सम्मान करें

घर के बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना सभी पर्वों में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, लेकिन जन्माष्टमी के दिन यह और भी ज्यादा आवश्यक हो जाता है। यदि इस दिन किसी भी तरह से बड़े-बुजुर्गों का अपमान होता है तो व्रत का फल अधूरा रह जाता है और बालगोपाल की कृपा नहीं मिलती। इसलिए प्रयास करें कि पूजा का नेतृत्व घर के बड़े सदस्य ही करें और परिवार के सभी सदस्य उनका सम्मान करें। इससे घर में सुख-शांति और भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है।

# वॉर 2 प्रमोट कर रहे जूनियर एनटीआर को इवेंट के बीच आया गुस्सा

वॉर 2 प्रमोट कर रहे जूनियर एनटीआर को इवेंट के बीच आया गुस्सा, बोले- 1 सेकेंड नहीं लगेगा जूनियर एनटीआर का एक वीडियो वायरल हो रहा है इसमें वह फैन्स पर भड़क गए हैं। दरअसल वॉर2 के प्रमोशन इवेंट में वह कुछ बोलना चाह रहे थे और फैन्स एक्साइटमेंट में उन्हें बोलने नहीं दे रहे थे। जूनियर एनटीआर अपकमिंग फिल्म वॉर 2 के प्रमोशन में बिजी हैं। इस बीच उनका एक इवेंट का वीडियो सामने आया है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं। यह इवेंट हैदराबाद का है। फैन्स जूनियर एनटीआर को बोलने नहीं दे रहे तो वह गुस्से में इवेंट छोड़कर जाने की धमकी देते हैं। मैं बोलूं तो शांत रहें रविवार को एक इवेंट में जूनियर एनटीआर को अपने फैन्स पर गुस्सा आ गया। वह गुस्से में जो बोल रहे हैं उसका वीडियो वायरल है। क्लिप में जूनियर एनटीआर स्टेज पर हैं। वह कुछ बोल रहे होते हैं इस बीच फैन्स एक्साइटेड में उनका नाम लेकर चिल्लाने लगते हैं। इस पर जूनियर एनटीआर गुस्से में उनसे पूछते हैं, 'भाई क्या मैं चला जाऊं? मैं जाऊं? मैंने आपसे क्या कहा? जब मैं बोलूं तो शांति रखें। मुझे माइक नीचे रखने और स्टेज छोड़ने में एक सेकंड नहीं लगेगा। मैं बोलूं? शांति रखिए।' वाईआरएफ को दिया धन्यवाद जूनियर एनटीआर की झिड़की सुनकर फैन्स चुप होते हैं। इसके बाद वह बोलते हैं, 'मैं वाईआरएफ स्टूडियोज की पूरी टीम को शुक्रिया बोलना चाहता हूं उन्होंने मेरा ध्यान रखा और ऐसा महसूस करवाया कि मैं घर पर हूं।' 14 अगस्त को रिलीज हो रही है वॉर 2 वॉर 2 मूवी से जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में एंट्री कर रहे हैं। मूवी में रितिक रोशन और कियारा आडवाणी भी हैं। वॉर 2, 14 अगस्त को रिलीज हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई करेगी।





## कर्नल सोफिया कुरैशी को ऑपरेशन सिंदूर के रंग में रंगेंगे बिग बी



अमिताभ बच्चन का लोकप्रिय शो कौन बनेगा करोड़पति पर अपने 17वें सीजन के साथ एक बार फिर से शुरू हो गया है। यह शो हमेशा से ही अपने फॉर्मेट, स्लोगन और नई सोच से दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ उनका ज्ञान भी बढ़ाता आया है। केबीसी के इस सीजन के कई प्रोमो रिलीज हो चुके हैं। वहीं अब इस सीजन के पहले एपिसोड से स्वतंत्रता दिवस पर स्पेशल एपिसोड का प्रोमो भी सामने आ गया है। केबीसी 17 के इस एपिसोड का नाम स्वतंत्रता दिवस महा उत्सव स्पेशल रखा गया है क्योंकि इसमें भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की महिला शक्ति शामिल होंगी। आपको बता दें कि स्वतंत्रता दिवस महा उत्सव स्पेशल एपिसोड में भारतीय नौसेना की कमांडर प्रेरणा देवस्थली और उनके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस वार्ता का नेतृत्व करने वाली भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह हॉट सीट पर नजर आएंगी।

## आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर छलका करिश्मा तन्ना का दर्द

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद देशभर में बहस तेज हो गई है। आम जनता के साथ-साथ कई सेलेब्रिटीज भी इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर गुस्सा, चिंता और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। टीवी और फिल्म जगत की जानी-मानी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने भी इस मामले में अपनी संवेदनाएं जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया।

करिश्मा तन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक स्ट्रीट डॉग की फोटो साझा की और ऊपर लिखा, जब आप एक कुत्ते को उसकी गली से हटा देते हैं, तो आप सिर्फ एक जानवर नहीं, बल्कि उसकी पूरी दुनिया उससे छीन लेते हैं।उन्होंने आगे लिखा, वो गली उसका घर है, वो चायवाला उसका दोस्त है, वो स्ट्रीट लाइट उसकी छत है। वे कुछ नहीं मांगते, बस उस दुनिया में जीने का हक जिसमें वे पले-बढ़े हैं। अगर हम उनकी रक्षा नहीं कर सकते, तो हम इंसानियत तो दिखा ही सकते हैं, लेकिन अफसोस हम उसमें भी असफल हो रहे हैं।

वहीं मंगलवार को एक्टर जॉन अब्राहम ने इस फैसले से संबंधित प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई को पत्र लिखा था और निर्देश की समीक्षा करने, साथ ही इसमें संशोधन का आग्रह किया था। उन्होंने पत्र के जरिए कहा कि कुत्ते आवारा नहीं हैं, बल्कि समुदाय का हिस्सा हैं और बहुत से लोग उन्हें प्यार करते हैं।उन्होंने लिखा, 'मुझे उम्मीद है कि आप इस बात से सहमत होंगे कि ये आवारा नहीं, बल्कि सामुदायिक कुत्ते हैं, जिनका कई लोग सम्मान करते हैं, उन्हें बेजुबानों को खिलाते-पिलाते और उन्हें प्यार करते हैं।

## 'कुली' के लिए रजनीकांत की फीस सुन उड़ जाएंगे होश

### कैमियो के लिए आमिर पर भी बरसे नोट

यह हफ्ता सिनेप्रेमियों के लिए खास है। एक तरफ फिल्म 'वॉर 2' रिलीज हो रही है। वहीं, इसी के साथ रजनीकांत की बहुचर्चित फिल्म 'कुली' भी सिनेमाघरों में लगेगी। इस फिल्म में रजनीकांत के अलावा नागार्जुन, सत्यराज, श्रुति हासन, पूजा हेगड़े और कन्नड़ एक्टर उपेंद्र नजर आएंगे। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का भी इस फिल्म में कैमियो है। जानते हैं कि मेगा बजट फिल्म के लिए किस स्टार को कितनी फीस मिली है?

### रजनीकांत को मिली सबसे ज्यादा फीस'



कुली' (फिल्म के पोस्टर में इसका नाम 'कूली' लिखा जा रहा है) में रजनीकांत ने लीड रोल अदा किया है। इस फिल्म को बनाने में मेकर्स ने पानी की तरह पैसा बहाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म को करीब 350 करोड़ रुपये की लागत के साथ बनाया गया है। अभिनेता रजनीकांत को फिल्म के लिए 150-200 करोड़ रुपये फीस दी गई है। इसमें वे देवा की भूमिका में नजर आएंगे, जो सोने का तस्कर है। कहा जा रहा है कि एक्टर की फीस 150 करोड़ रुपये थी, मगर प्री-बुकिंग को देखते हुए मेकर्स ने उनकी फीस बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दी है।

### लोकेश कनगराज




इस फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। वे इस समय इंडस्ट्री के सबसे डिमांडिंग निर्देशकों में शामिल हैं। इस फिल्म के लिए उन्हें भी तगड़ी फीस मिली है। जानकारी के मुताबिक लोकेश कनगराज को 50 करोड़ रुपये फीस दी गई है। बता दें कि लोकेश को मास्टर, विक्रम और लियो जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है।

### आमिर खान



अभिनेता आमिर खान फिल्म 'कुली' में कैमियो रोल करते दिखाई देंगे। छोटी सी भूमिका के लिए भी उन्हें अच्छी-खासी फीस दी गई है। आमिर ने फिल्म में दहा नाम के गैंगस्टर का रोल किया है। करीब 15 मिनट के किरदार के लिए उन्हें 20 करोड़ रुपये फीस दी गई है।

### नागार्जुन और अनिरुद्ध रविचंद



इस फिल्म में सुपरस्टार नागार्जुन भी नजर आएंगे। वे साइमन का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म के लिए उन्हें करीब 10 करोड़ रुपये फीस दी गई है। म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंद को इस फिल्म के लिए करीब 15 करोड़ रुपये फीस दी गई है। 'जेलर' के बाद अनिरुद्ध एक बार फिर रजनीकांत के साथ काम कर रहे हैं।

### इन सितारों को भी मिले करोड़ों



'बाहुबली' के कटप्पा यानी अभिनेता सत्यराज को भी अपने किरदार के लिए करीब पांच करोड़ रुपये फीस मिली है। वहीं, उपेंद्र को 'कलीशा' के रोल के लिए करीब चार करोड़ रुपये फीस दी गई है। श्रुति हासन प्रीति के रोल में नजर आएंगी, उन्हें भी चार करोड़ रुपये फीस दी गई है।

# वेस्टइंडीज ने तीसरे वनडे में पाकिस्तान को 202 रन से रौंदा

## 295 रन का लक्ष्य देकर महज 92 रन पर समेटा

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में पाकिस्तान को 202 रन से रौंद दिया। इसके साथ ही विंडीज टीम ने सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप के नाबाद शतक के दम पर 50 ओवर में छह विकेट पर 294 रन बनाए। जवाब में मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम 29.2 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला पाकिस्तान ने पांच विकेट से जीता था। इसके बाद दूसरे वनडे को वेस्टइंडीज ने डकवर्थ लुईस नियम से पांच विकेट से अपने नाम किया था। इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान से मिली टी20 सीरीज में हार का बदला भी ले लिया। तीन मैचों की टी20 सीरीज पाकिस्तान ने 2-1 से अपने नाम की थी। शतवीर होप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, सीरीज में तीन मैचों में सबसे ज्यादा 10 विकेट लेने वाले जेडन सील्स प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।




पाकिस्तान के कप्तान रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत खराब रही थी। ब्रैंडन किंग पांच रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद एविन लुईस और केसी कार्टी ने दूसरे विकेट के लिए 47 रन जोड़े। लुईस 54 गेंद में एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 37 रन और कार्टी 17 रन बनाकर आउट हुए। फिर कप्तान होप ने शेरफेन रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए 45 रन जोड़े। रदरफोर्ड 40 गेंद में 15 रन बना सके। इसके बाद चेज ने होप के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 64 रन जोड़े। चेज ने 29 गेंद में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 36 रन की तेजतर्रार पारी खेली। इगुडाकेश मोती पांच रन बना सके। वहीं, होप ने फिर जस्टिन ग्रीव्स के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी कर वेस्टइंडीज को 294 के स्कोर तक पहुंचाया। होप ने वनडे करियर का 18वां शतक पूरा किया। वह 94 गेंद में 10 चौके और पांच छक्कों की मदद से 120 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, ग्रीव्स ने 24 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 43 रन की नाबाद पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और अबरार अहमद को दो-दो विकेट मिले। वहीं, सैम अयूब और मोहम्मद नवाज को एक-एक विकेट मिला।

### पाकिस्तान की पारी

जवाब में पाकिस्तान के शीर्ष चार फ्लॉप रहे। टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। इनमें से पांच बल्लेबाज तो खाता तक नहीं खोल सके। टीम 29.2 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। सैम अयूब, अब्दुल्लाह शफीक, कप्तान रिजवान, हसन अली और अबरार अहमद खाता नहीं खोल सके। वहीं, बाबर आजम नौ रन बना सके। सलमान आगा 30 रन, हसन नवाज 13 रन और मोहम्मद नवाज नाबाद 23 रन ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। हुसैन तलत एक रन और नसीम शाह छह रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इसके अलावा मोती को दो विकेट मिले। चेज ने एक विकेट लिया।

गुलवीर सिंह ने तोड़ा अपना पिछला रिकॉर्ड

# 3000 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया




**नई दिल्ली।** गुलवीर ने सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है। कीनिया के किपसांग मैथ्यू किपचुम्बा ने 7:33.23 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मैक्सिको के एडुआर्डो हेरेरा (7:33.58), युगांडा के ऑस्कर चेलिमो (7:33.93) और उरुग्वे के वैलेन्टिन सोका (7:34.28) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। गुलवीर ने पुरुषों की 5000 मीटर (12:59.77) और 10,000 मीटर (27:00.22) में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। वह 5000 मीटर और 10,000 मीटर दौड़ में मौजूदा एशियाई चैंपियन भी हैं। उन्होंने मई में महाद्वीपीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।वह 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

### कौन हैं गुलवीर

गुलवीर ने अमेरिका के पोर्टलैंड में 5000 मीटर दौड़ में नया कीर्तिमान बनाया था। चीन के हांगझाऊ में 19वें एशियन गेम्स में अलीगढ़ के गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया था। छर्रा के गांव सिरसा के गुलवीर सिंह ने एशियन गेम्स में 28.17 मिनट में 10 हजार मीटर दौड़ पूरी करके कांस्य पदक जीता था। वह भारतीय सेना में हवलदार के पद पर तैनात हैं। गुलवीर प्रदेश और राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 30 से ज्यादा पदक जीत चुके हैं। उत्तर प्रदेश दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतने पर 75 लाख रुपये का चेक प्रदान किया था।

# खेल विधेयक के समर्थन में उतरीं पीटी उषा

## बोलीं- गतिरोध होगा समाप्त, बिल राज्यसभा से भी पारित



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा की मनोनीत सदस्य पीटी उषा ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को अपना स्पष्ट समर्थन देते हुए कहा कि यह दशकों से चली आ रही 'स्थिर यथास्थिति' को समाप्त करने में सहायक होगा। इसके अलावा देश के खेल प्रशासन में 'पारदर्शिता और जवाबदेही' लाएगा। बता दें कि, यह विधेयक लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेंगी हिमाचल की तनुजा



**धर्मशाला।** ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर गई भारतीय महिला-ए क्रिकेट टीम तीन एक दिवसीय और एक टेस्ट मैच खेलेगी। इन मैचों में हिमाचल की क्रिकेटर तनुजा कंवर को इंडिया-ए में एक दिवसीय और टेस्ट टीम में जगह मिली है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया-ए महिला टीम से खेले तीन टी-20 में गेंदबाज तनुजा कंवर को दो मैचों में खेलने का मौका मिला था। इसमें तनुजा कंवर का प्रदर्शन खास नहीं रहा है। एक मैच में शून्य और दूसरे मैच में केवल एक रन बनाकर ही तनुजा पवेलियन लौट आई थी। अब 13 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया-ए के साथ पहला एक दिवसीय मैच खेला जाएगा।

# झारखंड की हरिया ाा पर खिताबी जीत, 2-1 से हराकर विजेता बनी टीम



**नई दिल्ली।** झारखंड ने रोमांचक मुकाबले में मंगलवार को हरियाणा को 2-1 से हराकर 15वीं जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप डिविजन 'ए' का खिताब अपने नाम कर लिया। स्वीटी डुंगडुंग (10 वें मिनट) और शांति कुमारी (12वें मिनट) ने पहले क्वार्टर में गोल करके अपनी टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। हरियाणा की कीर्ति (52वें मिनट) ने आखिरी क्षणों में गोल करके मैच में टीम की वापसी कराने की कोशिश की। हरियाणा के खिलाड़ी हालांकि इसके बाद कोई और मौका बनाने में नाकाम रहे। इससे पहले कांस्य पदक के मैच में उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 2-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए सुनीता कुमारी (10वां मिनट) और मनीषा पटेल (60वां मिनट) ने गोल किये

# बुधवार, 13 अगस्त राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके लिए सितारे बताते कि आपको आज कुछ चुनौतियों और उलझनों का सामना करना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको आज किसी तकनीकी समस्या से दो-चार होना पड़ सकता है।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। आप अपने दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। आज आपको अपने रिश्तेदारों से कोई खास तोहफा मिल सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और तालमेल बढ़ेगा।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन बुधादित्य योग के प्रभाव से शुभ फल प्रदान करने वाला होगा। आपकी कार्यशैली और क्षमताओं से आपके अधिकारी और वरिष्ठजन प्रभावित होंगे। आज का दिन आपके रिश्तों के लिए भी बहुत अच्छा है।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपके लिए सितारे बताते हैं कि आपको आज कार्यक्षेत्र में अधिक सजग और सतर्क होकर काम करना होगा। आपको आज किसी पर भी बहुत अधिक भरोसा करने से बचना चाहिए।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने काम में अधिक समय लगाने और प्रयास करने की जरूरत होगी। दोस्तों और सहकर्मियों से आपको आज सहयोग मिलेगा। आपको अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना होगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन बहुत बढ़िया रहने वाला है। आज आपको अपने कामकाज में खूब सफलता मिलेगी। आपके वरिष्ठ आपकी कार्यकुशलता से प्रसन्न रहेंगे। घर परिवार के मामले में भी आज का दिन कन्या राशि के जातकों के लिए अनुकूल और सुखद रहेगा।

सितारे बता रहे हैं कि आज का दिन शुक्र और गुरु की युति से तुला राशि के जातकों के लिए लाभदायक होगा। आज आपको अपने जीवन में कई सुखद और सकारात्मक बदलाव से खुशी होगी। आपको अपने कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी और आप अपने जीवन में नई योजनाओं को पूरा करने में सक्षम होंगे।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन आर्थिक रूप से लाभदायक होगा। कार्यक्षेत्र में आज आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। किसी वजह से आपको आज अपनी दिनचर्या और कार्ययोजना में बदलाव करना पड़ सकता है। सरकारी क्षेत्र के काम में आपको आज सफलता मिलेगी।

धनु राशि के लोगों के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपका दिन आज अच्छा बीतेगा। आपको अपने काम में बड़ी सफलता मिलेगी और आपको आपको आज बिजनेस में आर्थिक लाभ मिलेगा। नौकरीपेशा जातक आज ऑफिस की राजनीति से दूर रहें और अपने काम से काम रखें।

मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन उलझन वाला रह सकता है। आपको अपने काम के प्रति आज सतर्क रहना होगा। आपको आज अपने किसी मित्र या संबंधी की मदद करनी पड़ सकती है। आज आपको कुछ नया करने का मौका मिलेगा और जिम्मेदारियों में वृद्धि होगी।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में सफल होंगे और आपका मनोबल भी काफी ऊंचा रहेगा। विरोधियों से आपको आज सजग रहना होगा। आपके सितारे बताते हैं कि, आपको आज अपने काम से काम रखना चाहिए।

मीन राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन कमाई के लिहाज से अच्छा है लेकिन कमाई के साथ आज आपका खर्च भी बना रहेगा। किसी बात को लेकर आप आज उलझन में रहेंगे। वैवाहिक जीवन मे आपके आज प्रेम और तालमेल बना रहेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# प्रिल्यूड में साइबर सुरक्षा कार्यशाला

## डॉ. रक्षित टंडन ने दिए डिजिटल सुरक्षा के गुर



एनएनआई



**आगरा।** प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें देश के प्रसिद्ध साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ने छात्रों को बढ़ते साइबर अपराधों और डिजिटल खतरों से बचाव के उपाय बताए। विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता एवं प्रधानाचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने उन्हें नवांकुर भेंटकर स्वागत किया। डॉ. टंडन ने अत्यधिक स्क्रीन समय से होने वाली डिजिटल डिमेंशिया की समस्या, बच्चों में डिजिटल लत और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने वेबसाइट की प्रामाणिकता जांचने के तरीकों, मैलवेयर एपीके फाइलों से हैकिंग से बचाव और कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम से सतर्क रहने के उपाय साझा किए। कार्यशाला में डीपफेक स्कैम, कॉर्पोरेट डाटा ब्रेच के कारण पासवर्ड लीक होने और इसे जांचने के लिए सरल ऑनलाइन टूल्स की जानकारी दी गई। वास्तविक मामलों के उदाहरणों ने सत्र को और अधिक रोचक व प्रासंगिक बना दिया। अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। डॉ. रश्मि गांधी ने विद्यालय की ओर से डॉ. टंडन को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि ऐसे सत्र छात्रों को ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

# साहित्य समाज का आईना और युवा इसकी सशक्त आवाज : कुलपति

## डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में साहित्यिक युवा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद खंदारी परिसर स्थित सेठ पदम चन्द जैन प्रबंध संस्थान में 12 अगस्त 2025 को दो दिवसीय साहित्यिक युवा महोत्सव 2025 का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आशु रानी ने की। महोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ, जिसमें कुलपति के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. भूपेन्द्र स्वरूप शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रूचिरा प्रसाद एवं संयोजक प्रो. एस.के. जैन उपस्थित रहे।

कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह महोत्सव युवाओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है और विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का आईना है और युवा इसकी सशक्त आवाज हैं। महोत्सव में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों और संस्थानों की 35 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन गंगाधर शास्त्री हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता, काव्यपाठ और गांधी विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गंगाधर शास्त्री वाद-विवाद में सेन्ट जॉन्स कॉलेज और आगरा कॉलेज की संयुक्त टीम प्रथम रही। काव्यपाठ में के.एम.आई. की राधा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान दाऊ दयाल शिक्षण संस्थान में क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। महोत्सव के अंतिम दिन पन्नालाल अंग्रेजी वाद-विवाद, वाक प्रतियोगिता, क्विज, देशभक्ति समूह गीत और लोक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समापन समारोह में विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

